मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 178 | गुरुवार, 3 अक्टूबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

थलापति विजय की फिल्म में बॉबी देओल

## उल्हासनगर के नए DCP बने सचिव गोरे



**उल्हासनगर.** डीसीपी डॉ. सुधाकर पठारे के तबादले लंबे समय के बाद उनकी जगह उल्हासनगर में युवा डीसीपी सचिन गोरे की नियुक्ति हुई है और उन्होंने कार्यभार स्वीकार कर लिया है। पुणे के मूल निवासी सचिन गोरे ने पुलिस विभाग में सेवा करने का फैसला किया, तदनुसार, उन्होंने एमपीएससी के लिए अध्ययन पर ध्यान केंद्रित किया और वर्ष 2010 में परीक्षा उत्तीर्ण की। उल्हासनगर पुलिस परिमंडल-4 में पुलिस उपायुक्त यानी डीसीपी के महत्वपूर्ण पद पर सचिन गोरे की यह पहली पोस्टिंग है। परिमंडल में उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर के 8 पुलिस स्टेशन शामिल हैं. सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली, वरिष्ठ सुरेश वराडे पुलिस निरीक्षक विष्णु तम्हाणे, शंकर अवताडे, अनिल पडवल, अनिल जगताप, अशोक भगत, जगन्नाथ कालस्कर, किरण बलवाडकर, राजेंद्र लांडगे ने उनका स्वागत किया है.

### क्राइम डायरी...

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर साथ 10 लाख रुपए ठगे

**कल्याण.** कल्याण में युवती के साथ पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 10 लाख 51 हजार रुपए की ठगी की है. पीड़िता ने कोलसेवाडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है.

जानकारी के मुताबिक़ संतोष नगर परिसर में रहनेवाली एक युवती को चार लोगों ने ऑनलाइन टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया और पार्ट टाइम जॉब के बारे में जानकारी दी. इसके बाद युवती को बताया गया कि आपको टास्क दिए जाएंगे और आप से दूसरे लोग संपर्क करेंगे.

उन्होंने युवती को कहा की एयरोप्लेन रजिस्ट्रेशन का काम आपको करना होगा. इसके लिए आपको टास्क दिए जाएंगे, उसको आपको पूरा करना होगा. ये टास्क पुरे होने के बाद जो भी पैसा आप भरेंगे, उसके बदले में आपको पैसे बढ़ाकर दिए जाएंगे. ऐसा झूठा आश्वासन युवती को दिया गया. इसके बाद युवती से समय समय पर आरोपियों ने 10 लाख 51 हजार रूपए वसूल किए.

# उल्हासनगर बना बैंकॉक !

## उल्हासनगर-3 के सितारा लॉजिंग में छापा, 15 थाई युवतियां बरामद

- देह व्यापार का पर्दाफाश
- 5.20 लाख नकद जब्त
- लॉजिंग मैनेजर सहित 4 कर्मी गिरफ्तार
- ठाणे खंडणी विरोधी दस्ते ने की कार्रवाई











**उल्हासनगर.** ठाणे पुलिस के खंडणी विरोधी दस्ते ने 2 अक्टूबर की रात करीब 1 बजे उल्हासनगर शहर के सेक्शन 17 स्थित सितारा लॉजिंग एंड बोर्डिंग में छापामारी कर एक बहुत बड़े देह व्यापार का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में बैंकाक से लायी गई 15 थाई युवतियों को रेस्क्यू किया गया है और लॉजिंग मैनेजर सहित 4 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इस रैकेट के मुख्य आरोपी लॉज मालिक अथवा अन्य की तलाश पुलिस कर रही है। उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल 4 में इन दिनों अवैध कारोबार का बोलबाला है। उल्हासनगर शहर में चरस, गांजा, जुआ, मटका, कैसीनो, ऑनलाईन लॉटरी, डांस बार, अवैध गुटखा, हुक्का, देशी शराब, नकली शराब, रम्मी क्लब के साथ साथ इन दिनों शहर की लॉजिंग बोर्डिंग में वेश्यावृत्ति का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाईलैंड के बैंकॉक से 15 महिलाओं को पैसे का लालच देकर थाईलैंड से भारत लाया गया और उल्हासनगर के सितारा लॉजिंग एंड बोर्डिंग में वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया गया था। इसकी जानकारी जैसे ही ठाणे पुलिस के खंडणी विरोधी पथक को मिली उन्होंने कल देर रात छापेमारी कर 15 युवतियों को रेस्क्यू किया। युवतियों को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया और फिर महिला सहायता संगठनों की देखरेख में रखा गया। पुलिस ने इस कार्रवाई में बड़ी मात्रा में नकदी और कई उपकरण जब्त किये हैं. मौके से 5 लाख 27 हजार नकद, ग्राहक रिकॉर्ड बुक, मोबाइल फोन और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये गये. इसके चलते इस देह व्यापार के धंधे में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी गई है. इस कार्रवाई में सितारा लॉजिंग एंड बोर्डिंग के मैनेजर कुलदीप उर्फ पंकज जयराज सिंह (उम्र 37 वर्ष) और उनके चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है. उसके खिलाफ मानव अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 के तहत केंद्रीय पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 143 (1), 143 (3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है. इस मामले ने उल्हासनगर शहर में बड़े वेश्यावृत्ति रैकेट का चौंकाने वाला खुलासा किया है।

### ठाणे पुलिस की सराहना..

ठाणे पुलिस की सतर्कता के कारण यह घटना सामने आने पर नागरिकों ने पुलिस के साहसिक प्रदर्शन की सराहना की है. ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) पंजाबराव उगले के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त शेखर बागडे के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक नरेश पवार, सुनील तारामले, विजयकुमार राठौड़, सुभाष तावड़े, संजय राठौड़, सचिन शिम्पी, शीतल पावस्कर, भगवान हिवरे, तानाजी पाटिल, अरविंद शाय और अन्य अधिकारियों की मदद से यह कार्रवाई की गई।

## कैम्प-3 में एक्टिवा से 20 किलो गोमांस जब्त

- गोमांस तस्कर हिरासत में
- हिंदू संगठनओं में आक्रोश
- आरोपी के पास से 19 हजार का माल जब्त
- शहर में गौमांस की तस्करी बढ़ी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-3 स्थित सेंट्रल अस्पताल के सामने एक एक्टिवा से 20 किलो गोमांस समेत कुल 19 हजार रुपए का माल पुलिस ने मौके पर जब्त किया है और आरोपी को हिरासत में लिया है. उल्हासनगर शहर में लगातार गोमांस तस्करी का मामला सामने आने के बाद से हिंदू संगठनाओं में आक्रोश देखा जा रहा है।. सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गौड़ को गुप्त सूचना मिली कि उल्हासनगर-3 सेंट्रल हॉस्पिटल के पास क्रोमा स्टोर के बाहर मरून रंग की एक्टिव (एमएच 05 सीएन 0387) से गोमांस की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर उन्होंने और उनके सहयोगियों ने तुरंत उस स्थान पर जाल बिछाया। इसी बीच सुबह करीब 10:30 बजे एक व्यक्ति सफेद रंग का बड़ा बैग लेकर वहां आया और मरून रंग की एक्टिव पर बैठकर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा था कि गौड ने उसे रोका और पूछा कि बैग में क्या है। थोड़ी देर बाद उस आदमी ने खुलेआम कहा कि बैग में गोमांस है. मनोज ने उसे रोका और आरोपी हाराय साकेत शेख को पकड़कर अपने साथियों के साथ सेंट्रल पुलिस थाने ले गये. पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पता चला कि आरोपी हाराय साकेत शेख के पास गोमांस का कोई आधिकारिक दस्तावेज नहीं था. पुलिस ने मौके पर पंचनामा कर एक्टिवा और 20 किलो गोमांस समेत कुल 19 हजार रुपए का माल जब्त किया।

## डॉक्टरों ने पेट से निकाला 1.5 किलो मांस का गोला

- गर्भवती महिला की जान बचाई
- सेंट्रल अस्पताल में डॉक्टरों का कारनामा
- बेहद सावधानी और योजना के साथ हुई सर्जरी
- गर्भवती महिला की डिलीवरी भी पूरी तरह सफल हुई



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के सरकारी सेंट्रल अस्पताल के डॉक्टरों ने एक अविस्मरणीय चिकित्सा चमत्कार किया है। पेट में मिली डेढ़ किलो वजनी मांस की गोली से गर्भवती महिला और बच्चे की जान खतरे में पड़ गई थी। हालांकि डॉक्टर के सकुशल हस्तक्षेप से न केवल गर्भवती महिला की बल्कि उसके बच्चे की भी जान बचाई। इस बेहद खतरनाक और जटिल सर्जरी ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया इतिहास दर्ज कर दिया है। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं की दक्षता को साबित कर दिया है.

बदलापुर और मुरबाड के सरकारी अस्पतालों में इलाज करा रही एक गर्भवती महिला के पेट में 1.5 किलो मांस का लोथड़ा मिला। गर्भवती होने के कारण उसका कोई सामान्य इलाज संभव नहीं था. चूंकि वित्तीय स्थिति निराशाजनक थी, इसलिए उसने सरकारी अस्पताल में इलाज कराने का फैसला किया। हालांकि पेट में मिली गोली और बच्चे की हालत बेहद गंभीर थी. उसे उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि स्थानीय अस्पतालों में सर्जरी के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरण नहीं थे। उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उसका तुरंत इलाज किया गया. डॉक्टरों की टीम द्वारा सर्जरी को बेहद सावधानी और योजना के साथ पूरा किया गया।

सरकारी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मनोहर बनसोडे के मार्गदर्शन में डॉ. तृप्ति रोकड़े, डॉ. नम्रता कुलकर्णी, डॉ. हनुमंत डोईफोडे और विशेषज्ञ अमोल शेटे ने मिलकर ऑपरेशन कर डेढ़ किलो वजनी मांस का लोथड़ा निकाला।

दिलचस्प बात यह है कि इस सर्जरी के दौरान उनकी डिलीवरी भी सुरक्षित तरीके से हुई। इस सफल सर्जरी का श्रेय न केवल डॉक्टरों को बल्कि अन्य कर्मचारियों को भी जाता है जिन्होंने इस प्रक्रिया में सहायता की। प्रभारी राखी कुलकर्णी, स्टाफ नर्स और अन्य सहयोगी स्टाफ ने भी भरपूर योगदान दिया। सर्जरी के बाद महिला और उसका बच्चा दोनों पूरी तरह से सुरक्षित हैं। सफल सर्जरी से मां और बच्चे की जान बच गई है और परिवार ने सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ को धन्यवाद दिया है.

## सफाई अभियान में 800 लोग शामिल





**उल्हासनगर.** स्वच्छ भारत अभियान के तहत कल्याण-अंबरनाथ रोड पर सफाई अभियान चलाया गया. अभियान में आयुक्त विकास ढाकने सहित सामाजिक संगठन और नागरिक शामिल हुए.

उल्हासनगर, कल्याण से अंबरनाथ रोड तक मंगलवार को चलाए गए सफाई अभियान में मनपा के सफाई कर्मचारी और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के अधिकारियों और नागरिकों ने भाग लिया। मंगलवार सुबह 9:30 बजे से 11:00 बजे के बीच छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से स्वच्छता अभियान की शुरुआत हुई. स्वच्छता अभियान के दो समूह बनाये गये। छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से शुरू हुए अभियान का एक समूह फॉरवर्ड लाइन चौक तक गया और दूसरा समूह शांतिनगर तक गया। इस दौरान सड़क के डिवाइडर की भी सफाई की गयी.

इस अभियान में मनपा आयुक्त विकास ढाकने, अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, जमीर लेंगरेकर, सहायक सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी मनीष हिवरे, मुख्य बाजार निरीक्षक विनोद केने, मनपा के प्रभाग प्रमुख, स्वच्छता निरीक्षक, अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन प्रतिनिधि, आरकेटी, वेदांता, सेवा सदन, सीएचएम कॉलेज के एनएसएस छात्र, शिक्षक व एनजीओ के पदाधिकारी शामिल हुए. सफाई अभियान में मनपा कर्मचारियों सहित 800 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

## दोपहिया वाहनों की अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने का आदेश



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के बाहर मौजूद अवैध दोपहिया पार्किंग पर कार्रवाई करने के आदेश मनपा के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. किशोर गवस ने प्रभाग अधिकारी को दे दिए हैं और जल्द ही इस अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

उल्हासनगर शहर में कुछ स्थानों पर दुपहिया वाहनों की अवैध पार्किंग होती है। ये पार्किंग अटेंडेंट दोपहिया वाहन चालकों से पैसे वसूलते हैं और दबंगई से इस पार्किंग का संचालन करते हैं। उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर अवैध दोपहिया वाहन पार्किंग है। इसी बीच मनपा ने पार्किंग का ठेका सृष्टि नामक ठेकेदार को दे दिया। लेकिन कुछ शरारती तत्वों ने उस पार्किंग स्थल के आसपास खुली जगह पर अवैध पार्किंग शुरू कर दी है. रेलवे स्टेशन की दीवार से सटी दोपहिया वाहनों की पार्किंग भी है। इसी तरह, सीएचएम कॉलेज की दीवार से सटी हुई दोपहिया वाहनों की पार्किंग है और इस पार्किंग के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही है.

इस पर मनपा के अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस ने प्रभाग अधिकारी अनिल खतूरानी को पार्किंग और उसमें लगी गाड़ियों को हटाने का आदेश दिया है. 15 साल से ज्यादा समय से सड़क पर दौड़ रही गाड़ियों भंगार में डालने के लिए कल्याण आरटीओ को लिखित पत्र देकर उन गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने जा रहा है।

## अंबरनाथ नपा में महात्मा गांधी, लालबहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई



उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा शहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया. इससे पूर्व सुबह में नपा के उप मुख्याधिकारी उमेश राऊत के हाथों नगर परिषद के प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पुतले को पुष्पहार अर्पण करके अभिवादन किया गया. शहर में 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 24 के कालावधि में अंबरनाथ शहर में स्वच्छता ही सेवा मुहिम पूरी की गई. अंबरनाथ नगर परिषद के स्थायी समिति सभागृह में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री के प्रतिमा को पुष्पहार अर्पण किया गया. उस समय उमेश राऊत, अर्जुन पाटिल, कर विभाग प्रमुख नरेंद्र संखे, स्वास्थ्य विभाग प्रमुख विजय तेवरे, अधिकारी, कर्मचारी, शहर के मान्यवर व्यक्ति एवं पत्रकार उपस्थित थे. स्वच्छता ब्रांड अम्बेसेडर सलील झवेरी भी उपस्थित थे.

## नाबालिग लड़की का पीछा करने वाला युवक गिरफ्तार



**कल्याण.** कोलसेवाड़ी पुलिस ने कल्याण के पूर्वी इलाके में सड़क पर चल रही एक नाबालिग लड़की का पीछा करने और उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या युवक ने पहले भी ऐसी हरकतें की हैं.

गिरफ्तार युवक का नाम चंद्रकांत दिवेकर है. पीड़िता की उम्र 13 साल है. वह एक स्कूल में पढ़ती है. पीड़िता सोमवार की सुबह प्राइवेट ट्यूशन से घर जा रही थी. उस वक्त निगरानी कर रहे आरोपी चंद्रकांत दिवेकर ने लड़की का पीछा करना शुरू कर दिया. यह महसूस कर कि एक युवक उसके पीछे तेजी से आ रहा है, युवती ने अपने चलने की गति बढ़ा दी।

इसी बीच आरोपियों ने दौड़कर युवती को सड़क पर रोक लिया और उसका विनयभंग किया. इस युवक के चंगुल से छूटकर पीड़िता घर पहुंची. उसने अपने माता-पिता को सारी घटना बताई. पीड़िता के माता-पिता कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन पहुंचे. आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर चंद्रकांत दिवेकर को कल्याण पूर्व इलाके से गिरफ्तार कर लिया.

## नियम पालन करने के लिए बने हैं न कि तोड़ने के लिए -सरिता खानचंदानी

- किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हूं-खानचंदानी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में हर नियमों को ताक में रखकर जो काम हो रहे हैं उन्हें नियमानुसार करने लिए हमेशा से ही मेरी पहल रही है और वो हर जागरूक नागरिक का भी काम है ऐसा प्रसिद्ध समाजसेवी व वकील श्रीमती सरिता खानचंदानी ने कहा है। शहर में ध्वनि प्रदूषण व पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने कई कार्य किए हैं लेकिन इस सच्चाई की लड़ाई में शहर ने उनको अपना दुश्मन मान लिया है।

पर्यावरण प्रेमी श्रीमती सरिता खानचंदानी ने कहा कि संविधान के तहत और शहर हित के तहत जो नियम बनाए गए हैं उनका पालन करने के लिए मेरी लड़ाई पुलिस व प्रशासन से है ना कि आम जनता या किसी धर्म को ठेंस पहुंचाने का मेरा इरादा है। आगामी समय में ध्वनि प्रदूषण प्रदूषित पर्यावरण के कारण नई युवा पीढ़ी और बुजुर्गों की सेहत को बहुत बड़ा नुकसान का अंदेशा है ऐसा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वे में सामने आया है। शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण और पर्यावरण को संतुलित करने के लिए एक जागरूक नागरिक होने के नाते मैंने हमेशा से ही प्रशासन व पुलिस को कायदा व सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए पहल की है। अगर त्योहारों, सत्संग आदि जगहों पर अगर नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो उसकी रोकथाम करना पुलिस व प्रशासन की जिम्मेदारी है। गैरकानूनी कृत्य को बर्दाश्त करना मानवता नहीं है। मेरी लड़ाई पुलिस व प्रशासन द्वारा नियमों को अनदेखा किए जाने को लेकर है। मैं किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। मैं स्वयं हर धर्म का सम्मान करती हूं और उनकी खुशियों में भी शामिल होती हूं। लेकिन कुछ राजनीति करने वाले लोग शहर की जनता को गुमराह कर मेरी छवि खराब कर रहे हैं लेकिन मैं शहर को न्याय दिलाने के लिए पुलिस, प्रशासन व न्यायालय में अपनी लड़ाई जारी रखूंगी।

## प्रधानमंत्री मोदी पांच अक्टूबर को ठाणे में

**ठाणे.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच अक्टूबर को महाराष्ट्र के ठाणे में राज्य सरकार की मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना और महिला सशक्तिकरण मिशन से जुड़े एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। जिले के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिला प्रशासन ने एक विज्ञप्ति में बताया कि अधिकारियों ने दिन में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की, जिसमें बारिश होने पर व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था शामिल है। लाडकी बहन योजना एकनाथ शिंदे सरकार की प्रमुख योजना है, जिसके तहत 2.5 लाख रुपये से कम वार्षिक पारिवारिक आय वाली महिलाओं को सहायता के रूप में 1500 रुपये प्रति माह दिये जाते हैं।

### बिल्डर पुत्र अपहरण मामले को हल करने वाले

## अंबरनाथ के व.पु.निरीक्षक कलसकर का उमेश पाटिल ने किया सत्कार

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में गत दिनों एक बिल्डर के 22 वर्षीय पुत्र का अपहरण का अपहरणकर्ताओं ने पुत्र के पिता शेलके बिल्डर से 40 करोड़ रुपए फिरौती की रकम मांगी थी. अंबरनाथ पुलिस विभाग ने 24 घंटे के भीतर अपहरकर्ताओं के चंगुल से शेलके पुत्र को सकुशल छुड़ाकर लड़के को उनके पति का हवाले किया था. पुलिस ने जिस कुशलता से इस गंभीर अपहरण केस को हल किया, उसकी चारों ओर प्रशंसा की जा रही है.

अंबरनाथ कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल ने पुलिस की प्रशंसा करते हुए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ कलसकर का शॉल और पुष्पगुच्छ देकर उनका सत्कार अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में कलसकर के कार्यालय में जाकर किया. उमेश पाटिल ने पुलिस डीबी विभाग के सहायक पुलिस निरीक्षक विजय कांजारी और सहायक पुलिस निरीक्षक संदीप भालेराव एवं डीबी स्टाफ की भी प्रशंसा की है.

विदित हो कि अपहरण मामले में पुलिस ने 10 अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है. अंबरनाथ सहर में इस अपहरण केस और पुलिस की कार्यकुशलता एवं 24 घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़ कर लड़के को सकुशल बरामद करने पर पुलिस विभाग की प्रशंसा की जा रही है. उमेश पाटिल ने सत्कार के बाद कहा कि अच्छे कामों के लिए पुलिस की प्रशंसा एवं सत्कार से उनके हौसले और बुलंद होते हैं.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## कोसी नदी परियोजना

यह आशंका पहले से थी कि नेपाल में भारी बरसात का बिहार पर भी व्यापक असर पड़ सकता है। अब नेपाल में बांधों से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने के बाद बिहार में जैसी तबाही मची है, उससे गहरी चिंता पैदा हो गई है। बिहार के कई जिलों की नदियों में उफान आ गया है और अब बाढ़ का पानी जितने बड़े दायरे में फैल गया है, उसे देखते हुए राज्य में अतीत में आई बाढ़ की त्रासद स्मृतियां ताजा हो गई हैं। गौरतलब है कि नेपाल में इस बार की बरसात का दबाव इतना ज्यादा है कि वहां कोसी बांध के कई दरवाजे खोलने की नौबत आ गई।

नतीजतन, बिहार में कई नदियों के तटबंध टूट गए और अब उन्नीस जिलों में बाढ़ का पानी का फैल चुका है, सैकड़ों गांवों में पानी भर गया है और दस लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इससे पहले 2008 में समूचे कोसी क्षेत्र में भयावह बाढ़ आई थी, जिससे हुई व्यापक तबाही को इस बार याद किया जा रहा है, लेकिन बताया जा रहा है कि 1967 के बाद कोसी में और 2003 के बाद गंडक नदी में इतना पानी पहली बार आया है।

विडंबना यह है कि जब भी नेपाल में बारिश और बाढ़ अधिक होती है, तो इसकी मार अनिवार्य रूप से बिहार पर पड़ती है। अगर बांधों के दरवाजे न खोले जाएं, तो बांध के ही टूटने का खतरा बढ़ जाएगा, जिसके बाद की तबाही की कल्पना भी डरा देती है। करीब सात दशक पहले भारत और नेपाल के बीच बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए कोसी नदी परियोजना की शुरुआत की गई, मगर अब भी यह त्रासदी कायम है।

बरसात के मौसम में उफन कर जानमाल को व्यापक नुकसान पहुंचाने वाली नदियों को तटबंध बना कर नियंत्रित करने की कोशिश की गई, लेकिन बाढ़ के पानी के दबाव में जब ये तटबंध टूटते हैं, तब कई बार सामने पड़ने वाली समूची बस्तियां बह जाती हैं। सवाल है कि कई दशकों से कायम इस समस्या के समाधान के लिए सरकारों की ओर से कब कोई ऐसी योजना सामने आएगी, जिससे इतने बड़े इलाके में थोड़ी राहत महसूस की जा सके।

# गांधीजी की कल्पना का भारत, विभाजन को क्यों किया स्वीकार?

गांधीजी की 155वीं जयंती पर बापू का स्मरण स्वाभाविक है। स्वाधीनता तक उन्होंने देश की नियति और दिशा, दोनों निर्धारित की थीं। आज जब देश में उनके नाम पर राजनीति करने वाले भारत को एक राष्ट्र न मानकर राज्यों के समूह के तौर पर परिभाषित करते हैं, तब गांधीजी की कल्पना में 'भारत क्या है', उस पर विचार आवश्यक हो जाता है। गांधीजी ने 'हिंद स्वराज' में लिखा था...अंग्रेजों ने सिखाया है कि आप एक राष्ट्र नहीं थे और एक-राष्ट्र बनने में आपको सैकड़ों वर्ष लगेंगे। यह बात बिल्कुल निराधार है। दो अंग्रेज जितने एक नहीं, उतने हम भारतीय एक थे और एक हैं...।' इस संबंध में गांधीजी की विरासत पर दावा करने वालों के विचार में आए परिवर्तन का कारण, उनका वह औपनिवेशिक चिंतन और वामपंथी दर्शन है, जिसमें भारतीय सांस्कृतिक पहचान के प्रति अकूत घृणा और प्रत्येक विषय पर भारतीय दृष्टिकोण का गहरा अभाव है।

गांधीजी आस्थावान सनातनी हिंदू थे। वह 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदंति' के दर्शन से प्रेरणा पाते थे और उन्होंने रामराज्य को सुशासन का पर्याय माना। अक्सर वामपंथियों, स्वयंभू गांधीवादियों के साथ मुस्लिम नेताओं का एक वर्ग अयोध्या में विवादित ढांचे के ध्वंस को 'कलंक' बताता है। वास्तव में वह विशुद्ध गांधीवादी समाधान था। गांधीजी ने 'यंग इंडिया' में एक प्रश्न का इस प्रकार उत्तर दिया था, 'अगर 'अ' का कब्जा अपनी जमीन पर है और कोई शख्स उस पर कोई इमारत बनाता है, चाहे वह मस्जिद ही हो, तो 'अ' को यह अख्तियार है कि वह उसे गिरा दे। अगर उसे उखाड़ डालने की इच्छा या ताकत 'अ' में



न हो, तो उसे यह हक बराबर है कि वह अदालत में जाए और उसे अदालत द्वारा गिरवा दे।'

गांधीजी ने सदैव भारतीय समाज को स्वावलंबी बनाने हेतु खादी और कुटीर उद्योग के लिए प्रोत्साहित करने के साथ गोसंरक्षण पर बल दिया। मतांतरण का विरोध किया। अपने बाल्यकाल का स्मरण करते हुए उन्होंने लिखा था कि कैसे ईसाई मिशनरी स्कूलों के बाहर खड़े होकर हिंदुओं और उनके देवी-देवताओं के बारे में अपशब्द बोलते थे और हिंदुओं को ईसाई बनाकर गोमांस खाने आदि के लिए विवश करते थे। विडंबना यह है कि वर्तमान समय में स्वयंभू गांधीवादी छल-बल-लालच प्रेरित मतांतरण के प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन में, जबकि गोरक्षा के विरोध में खड़े नजर आते हैं। यह भी विडंबना है कि कथित गांधीभक्त यह बताना पसंद नहीं करते कि बापू हर किस्म के अन्याय के विरोधी थे।

कुछ आलोचक गांधीजी को विभाजन और उसकी रक्तरंजित विभीषका के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। हालांकि सच यह है कि देश को इस त्रासदी से बचाने के लिए उन्होंने भरसक प्रयास किए थे। उनकी नीयत एवं दृष्टि निष्कलंक, परंतु नीति त्रुटिपूर्ण थी। वह सोचते थे कि तुष्टीकरण से विभाजन की पक्षधर मजहबी मानसिकता परास्त हो जाएगी, इसलिए उन्होंने खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व करने के साथ जिन्ना को अविभाजित भारत का प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव तक दिया। जब इस्लाम के नाम पर विभाजन अपरिहार्य हो गया, तब उन्होंने दूरदर्शी नीति अपनाते हुए पाकिस्तान में बसने की इच्छा जताई थी। यदि ऐसा होता, तो तीन संभावनाएं बन सकती थीं। पहला, वह पाकिस्तान में आम नागरिक की भांति रहते। दूसरा, जिन्ना उन्हें गिरफ्तार करके जेल में डाल देते। तीसरा, किसी झूठे मामले में फंसाकर गांधीजी को फांसी पर लटका देते। इन तीनों सूरतों में पाकिस्तान कुछ वर्षों में ही बिखर सकता था, क्योंकि उस समय जिन क्षेत्रों को मिलाकर पाकिस्तान बनाया गया था, वहां तब मुस्लिम लीग से कहीं अधिक गांधीजी की स्वीकार्यता और लोकप्रियता थी।

आखिर गांधीजी ने विभाजन को क्यों स्वीकार किया? उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की भांति इच्छाशक्ति क्यों नहीं दिखाई? लिंकन ने अमेरिका में दासप्रथा के बजाय गृहयुद्ध को चुना? जब खिलाफत आंदोलन जनित सांप्रदायिक दंगों में हिंदुओं पर कई जगह जिहादियों का कहर टूटा, तब गांधीजी को शायद संकेत मिल गया था कि देश की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का वांछित सामर्थ्य, शौर्य और संकल्पबल तत्कालीन हिंदू समाज में नहीं था। इस संबंध में उन्होंने 'यंग इंडिया' के एक आलेख में हिंदुओं को 'दब्बू' और मुसलमानों को 'धींग' कहकर संबोधित किया था। इसी पृष्ठभूमि में कांग्रेस से त्यागपत्र देकर डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने भारतीय समाज को सुरक्षित और संगठित करने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

आनंद, असीम ज्ञान, शक्ति, निडरता, खुशी, और शांति हमारी आत्मा के खजाने हैं। यदि हम सही स्थान पर खोज पायें, तो ये सभी हमें मिल जायेंगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बुलडोजर और न्याय

देश भर में 'बुलडोजर कार्रवाई' को लेकर जारी बहस के बीच 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद' की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपना फैसला तो सुरक्षित रख लिया, मगर मामले की सुनवाई के दौरान की गई उसकी टिप्पणियां कुछ कम मानीखेज नहीं हैं। अदालत ने न सिर्फ यह कहा कि किसी के आरोपी होने या दोषी करार दिए जाने पर भी उसकी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जा सकता, बल्कि अंतिम आदेश तक ऐसी कार्रवाइयों पर रोक लगाते हुए उसने यह भी साफ किया कि किसी अतिक्रमण को गिराए जाने से पहले संबंधित पक्ष को नोटिस दिया जाना चाहिए और इसके दस्तावेजी सुबूत भी होने चाहिए। यानी लक्षित संपत्ति पर नोटिस चिपकाने के साथ रजिस्टर्ड डाक से भी इसे भेजा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने अपने अंतिम फैसले में बुलडोजर कार्रवाई पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने के साफ संकेत दिए हैं। उम्मीद है, इसके बाद किसी किस्म की गफलत या बदनीयती के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

इसमें कोई दोराय नहीं कि देश में सार्वजनिक स्थलों के अतिक्रमण और उन पर अवैध निर्माण की बेशुमार घटनाएं हैं और अदालत ने इस मामले में राज्य प्रशासन को कानून-सम्मत कदम उठाने और ऐसी जगहों को खाली कराने की छूट पहले ही दे रखी है। मगर विडंबना यह है कि बुलडोजर कार्रवाई को जिस तरह



पिछले कुछ महीनों व वर्षों में कानून-व्यवस्था के पर्याय के तौर पर पेश किया गया और एक खास समुदाय के खिलाफ हुई कार्रवाइयों पर गैर-जिम्मेदाराना सियासत की गई, उससे देश-दुनिया में यही संदेश गया कि अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है और ऐसे में, जायज कार्रवाइयां भी संदेह के घेरे में आ गईं। शीर्ष अदालत ने उचित ही यह स्पष्ट किया है कि हम एक धर्मनिरपेक्ष देश हैं और यहां पर आपराधिक कानून धर्म से प्रेरित नहीं हो सकते। अवैध निर्माण चाहे जिस भी धर्म से वाबस्ता हो, उसे हटाया ही जाना चाहिए।

किसी भी अवैध निर्माण को गिराने की एक तय प्रक्रिया होती है, जिसके तहत कार्रवाइयां रसूखदार लोगों के विरुद्ध भी हुई हैं। नोएडा में ट्विन टावर को गिराए जाने की बात बहुत पुरानी नहीं है। मगर किसी व्यक्ति के आपराधिक कृत्य की सजा पूरे परिवार को देना नैसर्गिक न्याय के विपरीत है। इसलिए शीर्ष अदालत ने यह संकेत किया है कि प्रशासन ने अवैध तोड़-फोड़ की कार्रवाई की, तो पीड़ित को संपत्ति वापस करनी पड़ेगी। अगर रोडमैप में यह बात स्पष्टता से सामने आई, तो आइंदा अधिकारी व सत्तारूढ़ राजनेता फौरन बुलडोजर निकालने से पहले कई बार सोचेंगे। ऐसे मामलों में जिम्मेदारी तय करने की पुख्ता व्यवस्था होनी ही चाहिए। न्यायप्रिय व्यवस्थाओं में कानून नागरिकों के संरक्षण के लिए होते हैं। जब किसी का घर या कोई अन्य स्थायी निर्माण गिराया जाता है, तब उससे न सिर्फ उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, बल्कि उसकी सामाजिक क्षति भी होती है। एक बहुलवादी समाज में इससे दीर्घकालिक विलगाव पैदा होता है। हिमाचल की घटना एक ताजा मिसाल है। वहां एक मस्जिद में अवैध निर्माण को लेकर सांप्रदायिक तनाव गहरा उठा था, जबकि यह काम वहां के स्थानीय निकाय का था, जिसने उस अवैध निर्माण के प्रति लापरवाही बरती। यह सुखद है कि मस्जिद प्रबंधन ने खुद उस निर्माण को हटा लेने का एलान किया और हालात सामान्य हुए। उम्मीद है, सुप्रीम कोर्ट का निर्णायक फैसला आने के बाद बुलडोजर की राजनीति पर लगाम लगेगी और प्रशासनिक जवाबदेही भी सुनिश्चित हो सकेगी।

# घंटों खड़े रहने पर भी बंद क्यों नहीं किए जाते ट्रेन के इंजन?

सड़क पर खड़े वाहनों को ताकीद की जाती है कि अगर वे किसी सिग्नल पर गाड़ी को दो मिनट से ज्यादा खड़ा रखते हैं तो उन्हें गाड़ी का इंजन बंद कर देना चाहिए. ऐसा पेट्रोल और प्रदूषण बचाने के लिए किया जाता है. पर क्या आपने गौर किया है, रेलवे डीजल इंजन के साथ ऐसा नहीं होता है. कितनी भी देर किसी स्टेशन पर क्यों ना होता ट्रेन इंजन को खड़ा रहना पड़े, कुछ घंटों के बाद भी उसे बंद नहीं किया जाता है. एक्सपर्ट्स इसकी एक नहीं कई वजह बताते हैं.

इस सवाल के जवाब में कई एक्सपर्ट्स बहुत से कारण बताते

**जरा हट के**

है. सभी के मुताबिक इसकी वजह इंजन की कार्यप्रणाली और उसके उपयोग में है. पहला या सबसे बड़ा कारण आर्थिक है. इंजन को चालू रखने से ऊर्जा और समय दोनों की बचत हो सकती है, बजाय उसे बंद कर फिर से चालू करने में. एक ट्रेन के डीजल इंजन को गरम होने में



आधा घंटा लगता है. और जितना डीजल उसके तैयार होने में खर्च होता है. उतने में चालू इंजन 8 घंटे तक चल सकता है. आपको यह जानकर हैरानी होगी इसी तरह का तर्क बिजली के इंजन पर भी लागू होता है.

इंजन, भले ही वह बिजली का ही क्यों ना हो, को बंद ना करने की दूसरी वजह उनके हमेशा तैयार रहने की जरूरत है. उनके चालू होने में वक्त लगता है. ऐसे में जाहिर है कि जब इंजन को तुरंत ही चलने को तैयार रहना चाहिए उनका बंद हो जाना एक बहुत ही खर्चीला काम होगा. कई तरह की और समस्याएं भी आएंगी जो नुकसान बढ़ाने का काम करेंगी. तीसरी वजह है, इंजन को खराबी से बचाना. इंजन को बार बार बंद करने और चालू करने से उसके पुर्जों के खराब या उनमें टूटफूट होने की संभावना अधिक हो सकती है. इसलिए इन्हें चालू रखना रखरखाव का हिस्सा माना जाता है. और इंजन को कल पुर्जों के लिए जरूरी कम से कम तापमान कायम रखने में भी मदद मिलती है.

# आपका पसंदीदा केक कहीं बन न जाए कैंसर का कारण

### परीक्षण में सामने आई जानकारियां कर देंगी हैरान

जन्मदिन हो या कोई अन्य उत्सव इन्हें सेलिब्रेट करने के लिए केट काटने की परंपरा है। लोग केक को बड़े चाव से खाते भी हैं। बाजार में कई तरह के फ्लेवर वाले केक मौजूद हैं, जिन्हें काफी पसंद किया जाता रहा है। पर कहीं ये केक कैंसर का खतरा तो नहीं बढ़ा रहे हैं? सही सुना आपने, एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कहा जा रहा है कि कुछ प्रकार के केक में ऐसे तत्व पाए गए हैं जो कैंसर का कारण बन सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कर्नाटक खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता विभाग ने सभी लोगों को केक खरीदते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। इतना ही ने खाद्य सुरक्षा विभाग ने राज्य के सभी



बेकरी को केक बनाते समय संभावित कैंसरकारी तत्वों के इस्तेमाल को लेकर भी चेतावनी दी है।

असल में एक परीक्षण के दौरान बेंगलुरु में 12 अलग-अलग किस्म के केक में कैंसर कारक तत्वों का पता चला है।अधिकारियों ने कहा, सभी लोगों को खान-पान के सामान लेते समय उसमें मिलाई जाने वाली चीजों के बारे में जानकारी होना चाहिए, किसी ऐसे तत्व का इस्तेमाल न किया जाए जिससे सेहत को नुकसान पहुंचता है।

### केक में कैंसर कारक तत्वों का पता चला

केक में कैंसर कारक तत्वों का पता चलने के बाद से लोगों के मन में डर है। हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है जब खाद्य पदार्थों में कैंसर कारक तत्वों के होने को लेकर सावधान किया गया है। इससे पहले गोभी मंचूरियन, कबाब और पानीपुरी जैसे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में भी इसके जोखिमों को लेकर लोगों को अलर्ट किया जाता रहा है।

स्थानीय मीडिया में छपी खबरों के मुताबिक कर्नाटक खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता विभाग ने सभी बेकरियों से खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने पर जोर दिया है।

### कृत्रिम रंगों और रसायनों से खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, रेड वेलवेट और ब्लैक फॉरेस्ट जैसे केक को अक्सर दिखने में आकर्षक बनाने के लिए कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। ये कृत्रिम रंग स्वास्थ्य के लिए खतरनाक जोखिम पैदा कर सकते हैं। केक सैंपल की टेस्टिंग के दौरान इनमें एल्यूरा रेड, सनसेट येलो एफसीएफ, पोंसो 4आर, टार्ट्राजीन और कारमोइसिन जैसे कृत्रिम रंगों और तत्वों की मौजूदगी का पता चला है। इसमें से अधिकतर को इंसानी सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है।

### पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

खाद्य पदार्थों में कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ पहले भी अलर्ट करते रहे हैं। इसी साल मार्च में कर्नाटक सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए कॉटन कैंडी में इस्तेमाल होने वाले फूड कलर्स पर रोक लगा दी थी। कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग ने कॉटन कैंडी और गोभी मंचूरियन में रोडामाइन-बी फूड कलरिंग एजेंट के इस्तेमाल को खतरनाक पाया था, जिसके इस्तेमाल को रोकने के आदेश दिए गए थे। रोडामाइन-बी को कैंसर कारक माना जाता है।

# झंगोरे की खीर

खाना-खजाना

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। देवी को सफेद रंग अत्यंत प्रिय माना जाता है, इसलिए उन्हें सफेद रंग की चीजें जैसे बर्फी, खीर और रबड़ी का भोग लगाना चाहिए। अगर आप नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री को खीर का प्रसाद बनाकर भोग में चढ़ाना चाहती हैं तो ट्राई करें उत्तराखंड स्पेशल झंगोरे की खीर। झंगोरे की खीर ना सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी बल्कि सेहत के लिए बहुत पौष्टिक भी होती है। तो आइए जान लेते हैं कैसे बनाई जाती है ये पहाड़ी झंगोरे की खीर।

**सामग्री :**

- झंगोरा-300 ग्राम
- चीनी-150 ग्राम
- दूध-5 कप
- कटे बादाम-30 ग्राम
- किशमिश-30 ग्राम
- इलायची पाउडर-आधा चम्मच

**बनाने का तरीका :**

झंगोरे की खीर को बनाने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि उसे हमेशा खुली मोटे तले वाली पतीली में पकाया जाता है और बनाने से पहले उसे पानी में करीब



दो घंटे के लिए भिगोकर रख देना चाहिए। इस खीर को बनाने के लिए सबसे पहले दूध उबालकर अलग रख लें। अब गहरे मोटे पतीले में घी गर्म करके कद्दूकस किया गया सूखा नारियल और झंगोरा डालकर धीमी आंच पर भूनें। झंगोरा भूनते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि झंगोरा का हर दाना भूनकर अलग-अलग हो जाना चाहिए। इसके बाद झंगोरे में गर्म किया हुआ दूध डालकर अच्छी तरह चलाते हुए मिलाएं। आप इस खीर को गाढ़ा या पतला अपनी इच्छा अनुसार बना सकते हैं। खीर को करछी से बराबर चलाते रहें। इस दौरान इस बात का ध्यान रखें कि खीर में गुठलियां नहीं बननी चहिए। करीब 15 मिनट तक खीर को लो फ्लेम पर पकाने के बाद आप इस खीर में इलायची पाउडर, कटे हुए किशमिश, काजू, बादाम डाल दें। आपकी टेस्टी झंगोरे की खीर बनकर तैयार है। आप गैस बंद कर दें। आप इसे गर्म और ठंडा करके, दोनों तरह से सर्व कर सकते हैं।

# करी पत्ते के सेवन के फायदे

करी के पत्ते, जिन्हें अक्सर भारतीय व्यंजनों में मसाले और स्वाद के लिए उपयोग किया जाता है, केवल स्वाद में ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य लाभों से भी भरपूर होते हैं। करी के पत्ते में कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इसका नियमित सेवन आपके शरीर के कई अंगों को मजबूत और स्वस्थ बनाए रख सकता है। हालांकि इसका संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए करी के पत्ते के सेवन का सही तरीका पता, समय और मात्रा का खास ध्यान रखें।

### करी के पत्ते में पाए जाने वाले पोषक तत्व

करी के पत्ते पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इनमें कई विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं जो शरीर के लिए आवश्यक होते हैं। करी पत्ते में विटामिन-ए, विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन और फाइबर के गुण होते हैं। ये सभी सेहत के लिए काफी लाभकारी हैं। विटामिन ए आंखों की रोशनी के लिए तो वहीं विटामिन सी इम्यूनिटी की मजबूती और त्वचा की सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें पाए जाने वाला कैल्शियम हड्डियों और दांतों को मजबूत करता



है और आयरन रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाए रखने और एनीमिया से बचाने में सहायक है। फाइबर पाचन तंत्र और वजन नियंत्रित करने में असरदार होता है।

### करी के पत्ते के सेवन का सही तरीका

करी के पत्तों को पानी में उबालकर या रातभर भिगोकर उसका पानी पीने से कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। यह एक प्राकृतिक औषधि के रूप में काम करता है और शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। यहाँ इसके कुछ प्रमुख फायदे दिए गए हैं-

**वजन घटाने में सहायक:** करी के पत्ते के पानी में वसा को कम करने की क्षमता होती है। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है और शरीर में अतिरिक्त फैट को बर्न करने में मदद करता है।

**डायबिटीज को नियंत्रित करना:** करी के पत्ते का सेवन रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद एंटी-डायबिटिक गुण रक्त शर्करा को स्थिर बनाए रखते हैं, जिससे डायबिटीज के रोगियों के लिए यह लाभकारी होता है।

**पाचन तंत्र को बेहतर बनाना:** करी के पत्ते का पानी पाचन को सुधारने में मदद करता है। यह पेट में एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में सहायक होता है।

**शरीर को डिटॉक्स करना:** करी के पत्ते के पानी का सेवन शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह लीवर को साफ करता है और उसकी कार्यक्षमता को सुधारता है।

**बालों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद:** करी के पत्तों में मौजूद विटामिन और मिनरल्स बालों के विकास को बढ़ावा देते हैं और उन्हें जड़ों से मजबूत बनाते हैं। इसका सेवन बालों की समस्याओं जैसे बालों का झड़ना, डैंड्रफ, और समय से पहले सफेदी को रोकने में मदद करता है।

**इम्यूनिटी बढ़ाना:** करी के पत्ते के पानी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन C इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और शरीर को बीमारियों से बचाते हैं।

# सोफा साफ करने का मिल गया जुगाड़

सोफा घर के लुक को बढ़ाने और आरामदायक बनाने के काम आता है. इसकी जरूरत को देखते हुए हम घर पर नया और महंगा सोफा लाते हैं, लेकिन समय के साथ इसके गद्दे पर धूल-मिट्टी जमने लगती है और यह पुराना सा दिखने लगता है. ऐसे गंदे सोफे की वजह से घर का पूरा लुक खराब हो जाता है, और इसे साफ करना भी एक चुनौती बन जाता है. तो, क्या कोई ऐसा उपाय है जिससे हम घर पर ही मिनटों में बिना इसे गीला किए, नया जैसा साफ कर सकें? जी हां, हम आपको बताएंगे कि कैसे किचन में इस्तेमाल होने वाला पैन का ढक्कन इस काम को आसान बनाएगा और मिनटों में सोफा को नया-सा चमका देगा.



### सोफे का गद्दा घर पर ऐसे करें साफः

-सबसे पहले सोफा पर रखे सामान और सारे कुशन आदि हटा दें. फिर एक कपड़े की मदद से सोफे पर थपथपाकर धूल निकालने की कोशिश करें. जब आप कपड़े को सोफे पर थपथपाएंगे, तो सारी धूल बाहर निकल जाएगी. इसके बाद हैंडल और कोनों में फंसी धूल को पोछकर साफ कर दें.

-अब एक बाल्टी लें और उसमें दो से तीन मग गुनगुना पानी डालें. इसमें एक चम्मच विनेगर, दो चम्मच माइल्ड डिटर्जेंट, और चार चम्मच बेकिंग सोडा डालें और अच्छे से मिला लें. यह सफाई का सॉल्यूशन तैयार हो जाएगा.

-इसके बाद, एक मीडियम साइज का तौलिया लें और किचन में रखे पैन के ढक्कन (हैंडल वाले) को निकाल लें. तौलिए को इस पानी में डुबोएं और निचोड़ लें ताकि यह ज्यादा गीला न हो. तौलिए को फैलाएं और उस पर पैन का ढक्कन रखकर उसे अच्छी तरह लपेट लें.

-अब ढक्कन के हैंडल को पकड़ें और इसे आयरन की तरह पूरे सोफे की सतह पर रगड़ें. आप देखेंगे कि इस तरह करने से सारी गंदगी तौलिए में चिपक जाती है और दाग खत्म हो जाते हैं. इस प्रक्रिया से पूरे सोफे को साफ कर लें. कुछ ही मिनटों में आपका सोफा चमक उठेगा.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** किसी भी निर्णय को लेने में विवेक का प्रयोग करें। परिवार के साथ जीवन सुखपूर्वक व्यतीत होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्ययवृद्धि होगी। विवाद को बढ़ावा न दें। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। पुराना रोग उभर सकता है।

**वृषभ :** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है। लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं। बड़ा लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। हानि पहुंचाने के प्रयास करेंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन :** रुका हुआ पैसा मिलने के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। आशंका-कुशंका रहेगी। सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :** कोर्ट व कचहरी के काम से छुटकारा मिल सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**सिंह :** मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। वरिष्ठ व्यक्तियों का मार्गदर्शन लाभ में वृद्धि करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। निवेशादि मनोनुकूल रहेंगे।

**कन्या :** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। आत्मसम्मान बना रहेगा। कोई बड़ा काम तथा बाहर जाने का मन बनेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभदायक रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें।

**तुला :** भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। सोच-समझकर निवेश करें।

**वृश्चिक :** कोई बड़ी परेशानी आ सकती है। भागदौड़ अधिक होगी। शोक समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**धनु :** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त हो सकता है। निवेश में जल्दबाजी न करें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आलस्य हावी रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि हो सकती है। भ्रम की स्थिति बन सकती है। किसी व्यक्ति के व्यवहार से मन को ठेस पहुंच सकती है। जल्दबाजी न करें। विवाद की स्थिति नहीं बनने दें।

**कुंभ :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। पूजा-पाठ में मन लगेगा। माता की सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा।

**मीन :** आर्थिक उन्नति के लिए नई नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होने के योग हैं, प्रयास करते रहें। आय में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### कत्ल का ऐलान कर अगले दिन हत्या

**मेरठ.** मेरठ में भावनपुर के कुली मानपुर गांव में दोपहर करीब दो बजे खूनी रंजिश में युवक की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। दो बाइक पर आए पांच आरोपियों ने युवक को घेरकर ताबड़तोड़ गोलियां मारी और फरार हो गए। एक दिन पहले ही हत्यारोपियों ने कत्ल करने का ऐलान किया था। कुली मानपुर निवासी 26 वर्षीय सुमित तोमर पुत्र राजेश तोमर गांव में ही शिवकुमार की लोअर व ट्रैकसूट आदि बनाने की फैक्ट्री में काम सीख रहा था। सुमित ने वर्ष 2019 में गांव निवासी धीरसिंह उर्फ धीरू की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, खुद रेलवे ट्रैक पर कूदा पति

**कानपुर.** कानपुर में गुजैनी थाना क्षेत्र के पिपौरी गांव में प्रॉपर्टी के लिए एक अधेड़ ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड का प्रयास किया। क्षेत्रीय लोगों ने पति को गंभीर हालत में हैलट में एडमिट कराया है। गुजैनी पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बर्रा के पिपौरी गांव निवासी प्रहलाद के घर में पत्नी 55 वर्षीय शशि सैनी और दो बेटे सतेन्द्र और आदित्य हैं। आदित्य अपनी पत्नी के साथ नौबस्ता में किराए के मकान में रहकर माली का काम करता है। जबकि बड़ा बेटा सतेन्द्र और उसकी पत्नी पूजा साथ में रहती हैं। पूजा ने बताया कि ससुर प्रहलाद पुराना घर बेचना चाहते हैं, जबकि मां उसे दोनों बेटों को देना चाहती थी। इसी बात को लेकर सास-ससुर में विवाद चल रहा था। शशि अड़ गई थीं कि पुराना मकान नहीं बिकने देंगी, लेकिन प्रहलाद ने उसका बयाना ले लिया था। इसी बात को लेकर बुधवार सुबह भी दोनों का झगड़ा हुआ और प्रहलाद ने कुल्हाड़ी से पत्नी शशि की हत्या कर दी। जब वह सुबह कमरे में गई तो सास का रक्तरंजित शव कमरे में मिला।

### 3 साल के मासूम की टक्कर से गुस्साए युवक ने बच्चे हवा में लहराकर जमीन-दीवार पर फेंका

**मेरठ.** मेरठ थाना क्षेत्र के नंगलाताशी में नशे में धुत सिरफिरे ने तीन साल के मासूम को उठाकर पटक दिया। लहूलुहान स्थिति में मासूम को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। गुस्साई भीड़ ने आरोपी को पकड़कर जमकर धुना और बाद में पुलिस को सौंप दिया। देर शाम आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मूलरूप से रोहटा थाना क्षेत्र के ग्राम जैनपुर निवासी अकरम करीब 10 वर्ष से नंगलाताशी में किराए का मकान लेकर रह रहा था। उसके परिवार में पत्नी साहिबा के अलावा तीन वर्षीय बेटा इमरान व एक वर्षीय छोटा बेटा उस्मान है। मंगलवार को अकरम को तीन वर्षीय बेटा इमरान घर के बाहर ही कुछ बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी वहां से नशे की हालत में गांव का ही सलमान गुजरा। अचानक इमरान खेलता हुआ सलमान से आकर टकरा गया। आरोप है कि सलमान ने इमरान को थप्पड़ मार दिया।

# अजित गुट या शरद पवार NCP किसकी ?

### ■ सुप्रीम कोर्ट में 15 अक्टूबर को सुनवाई



**नई दिल्ली.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) बनाम एनसीपी विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है. शरद पवार ने महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान अजित पवार को 'घड़ी' चिह्न का इस्तेमाल करने से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. पवार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अजित को विधानसभा चुनावों के लिए नए चिह्न के लिए आवेदन करने को कहा जाए. पवार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि चुनाव चिह्न को लेकर मतदाताओं के मन में भ्रम की वजह से उन्हें लोकसभा चुनावों के दौरान कई वोट गंवाने पड़े. सुप्रीम कोर्ट 15 अक्टूबर को याचिका पर सुनवाई करेगा.

### ■ कैसे हुई थी एनसीपी दो फाड़?

पिछले साल अजित पवार ने बगावत करते हुए एनसीपी दो फाड़ कर दी थी. उन्होंने महाराष्ट्र में शिंदे सरकार को समर्थन दे दिया था. अजित के साथ कई विधायक भी सरकार में शामिल हो गए थे. इसके बाद अजित ने पार्टी पर अधिकार का दावा किया था और अपने गुट को असली एनसीपी बताया था. इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने भी अजित गुट को असली एनसीपी करार दे दिया था. इस फैसले को शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी. वहीं अब चुनाव आयोग ने भी अजित गुट को ही असली एनसीपी बताते हुए शरद पवार को बड़ा झटका दिया है.

### ■ शरद पवार ने याचिका में क्या कहा है?

- निर्वाचन अधिकारियों के मन में किसी भी तरह का भ्रम न हो, इसके लिए निष्पक्षता और समान अवसर सुनिश्चित करना.
- स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के मूल सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में याचिकाकर्ता की निष्पक्ष एवं उचित भागीदारी सुनिश्चित करना.
- इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि हाल ही में संपन्न संसदीय चुनावों में मतदाताओं के बीच भ्रम की स्थिति व्याप्त थी, निर्वाचन क्षेत्रों के अपेक्षाकृत छोटे आकार के कारण आगामी विधानसभा चुनावों में भ्रम की स्थिति संभावित रूप से अधिक होगी.
- इसके अलावा, भ्रम की स्थिति मतदाताओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सीधे आनुपातिक होती है तथा इसलिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के संचालन को बाधित करने की अधिक प्रवृत्ति रखती है.
- लोगों के मन में विद्यमान एवं स्पष्ट भ्रम का लाभ उठाने के लिए अजीत पवार या किसी अन्य दुर्भावनापूर्ण व्यक्ति द्वारा इरादा किए जाने की संभावना को खारिज करना.

### ■ कैसे तय होता है पार्टी का असली 'बॉस' कौन?

किसी पार्टी का असली 'बॉस' कौन होगा? इसका फैसला मुख्य रूप से तीन चीजों पर होता है. पहला- चुने हुए प्रतिनिधि किस गुट के पास ज्यादा हैं. दूसरा- ऑफिस के पदाधिकारी किसके पास ज्यादा हैं और तीसरा- संपत्तियां किस तरफ हैं. लेकिन किस धड़े को पार्टी माना जाएगा? इसका फैसला आमतौर पर चुने हुए प्रतिनिधियों के बहुमत के आधार पर होता है. मसलन, जिस गुट के पास ज्यादा सांसद-विधायक होते हैं, उसे ही पार्टी माना जाता है. एनसीपी और शिवसेना में इसी आधार पर फैसला किया गया है.

# पुणे में हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 की मौत

### ■ टेक ऑफ के बाद 1.5km दूर हादसा



**पुणे.** पुणे जिले के बावधन में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें दो पायलट और एक इंजीनियर सवार थे। तीनों की मौत हो गई। घटना बावधन में केके कंस्ट्रक्शन हिल के पास सुबह करीब 6:45 बजे हुई।

पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ के डीसीपी विशाल गायकवाड़ ने बताया कि हेलिकॉप्टर ने ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के हेलिपैड से मुंबई के जुहू के लिए उड़ान भरी थी। करीब 10 मिनट बाद 1.5 किमी दूर जाकर हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसा पहाड़ी इलाके में हुआ। वहां सुबह के समय घना कोहरा था। क्रैश होने के बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गई।पुणे चीफ फायर ऑफिसर देवेन्द्र प्रभाकर पोटफोडे ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए दो एम्बुलेंस और चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। हेलिकॉप्टर के सभी हिस्से बिखर गए थे। आग सुलग रही थी। हेलिकॉप्टर हेरिटेज एविएशन नाम की प्राइवेट कंपनी का था। दोनों पायलट और इंजीनियर की पहचान अभी नहीं हो सकी है। डीसीपी विशाल ने बताया कि दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। DGCA मामले की जांच करेगा।

# बनासकांठा में IAF का नया स्टेशन बनेगा

### ■ यहां से पाकिस्तान 130 किमी दूर
### ■ इंडियन एयर फोर्स की ताकत बढ़ेगी

**बनासकांठा.** पाकिस्तान की सीमा से सिर्फ 130 किमी दूर गुजरात बनासकांठा जिले में स्थित डीसा शहर में भारतीय वायुसेना का नया स्टेशन बनेगा। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने डिसा एयरबेस पर उपलब्ध रनवे का सर्वेक्षण किया, जिसे ओब्सटेकल लिमिटेशन सरफेस सर्वे के रूप में जाना जाता है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने इस सर्वे का काम सिंगापुर की एक निजी कंपनी को सौंपा है। उसी के तहत सिंगापुर से डीए-62 प्रकार का एक छोटा विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचा।

इस तरह का विशेष प्रकार का सर्वे केवल विदेशी कंपनियां ही करती हैं, जिनमें पायलट भी काफी सक्षम होते हैं और उनके पास उड़ान का व्यापक अनुभव होता है। अब इस सर्वे की रिपोर्ट रक्षा मंत्रालय को सौंपी जाएगी। जिसके जरिए पूरे एयरपोर्ट का नक्शा तैयार किया जाएगा।

एयरबेस की स्थापना के लिए 4,500 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। 1,000 करोड़ के निवेश की जरूरत होगी। रनवे 394 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा।

पूरा एयरफोर्स स्टेशन ग्रीन फील्ड कॉन्सेप्ट तकनीक पर आधारित होगा जो पर्यावरण के अनुकूल है। एयरफोर्स स्टेशन के निर्माण से अवसर पैदा होकर कच्छ और दक्षिण राजस्थान में आर्थिक समृद्धि आएगी। डीसा एयरफील्ड की स्थापना से भारत को पश्चिमी सीमा पर जमीन और समुद्री संचालन के लिए भौगोलिक रूप से सुरक्षित लॉन्च पैड उपलब्ध होगा।

# सिद्धारमैया बोले - पत्नी के प्लॉट लौटाने के फैसले से हैरान

### ■ MUDA स्कैम में मेरे खिलाफ ED केस का आधार क्या
### ■ ये बदले की राजनीति

**मैसूर.** कर्नाटक के मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (MUDA) जमीन घोटाला मामले में CM सिद्धारमैया ने पत्नी के जमीन लौटाने के फैसले पर हैरानी जताई है। सिद्धारमैया ने कहा कि मेरे खिलाफ चल रहे राजनीतिक षडयंत्र से आहत होकर मेरी पत्नी ने MUDA की तरफ से दिये गये 14 प्लॉट वापस करने का फैसला लिया है।

सिद्धारमैया ने कहा कि पत्नी के इस फैसले से मैं हैरान हूं। मेरी पत्नी ने मेरी चार दशक लंबी राजनीति में कभी हस्तक्षेप नहीं किया। वह मेरे खिलाफ नफरत की राजनीति का शिकार हुई है और मेंटल टॉर्चर झेल रही है।

सिद्धारमैया ने MUDA मामले में ED के मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज करने पर भी सवाल उठाए। सिद्धारमैया ने कहा कि ED ने किस आधार पर केस दर्ज किया है। यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा नहीं है, क्योंकि हमें जमीन के बदले जमीन मुआवजे के तौर पर दी गई थीं। सिद्धारमैया ने कहा कि उनके खिलाफ बदले की राजनीति हुई है।

दरअसल, ED ने 30 सितंबर को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और अन्य के खिलाफ FIR दर्ज की थी। इससे पहले मैसूर लोकायुक्त ने 27 सितंबर को सभी के खिलाफ केस दर्ज किया था। लोकायुक्त ने 1 अक्टूबर से मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पवन कल्याण तिरुमाला पहुंचे, नंगे पैर 3500 सीढ़ियां चढ़ीं

आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले में डिप्टी CM पवन कल्याण की 11 दिन की प्रायश्चित दीक्षा जारी है। पवन प्रायश्चित के तहत 1 अक्टूबर से तीन दिनों के लिए तिरुपति मंदिर यात्रा पर हैं।

वे 3 अक्टूबर तक चप्पल या जूता नहीं पहनेंगे। उन्होंने 1 अक्टूबर की देर रात तिरुमाला पहुंचने के बाद तिरूपति के अलीपिरी के रास्ते करीब 3500 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़ीं। फिर गायत्री निलयम गेस्ट हाउस में रात गुजारी। पवन श्रीवारा में तपस्या की दीक्षा लेंगे।

# साहिबगंज में रेलवे ट्रैक को बम से उड़ाया

### ■ 39 मीटर दूर गिरा पटरी का हिस्सा
### ■ ट्रैक पर 3 फीट गड्ढा हुआ



**साहिबगंज.** साहिबगंज में एनटीपीसी एमजीआर रेलवे ट्रैक को बदमाशों ने बम से उड़ा दिया है। इसमें ट्रैक का 470 सेंटीमीटर टुकड़ा क्षतिग्रस्त हो गया है। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि रेलवे ट्रैक का हिस्सा 39 मीटर दूरी जा गिरा। ब्लास्ट के बाद ट्रैक में 770 सेंटीमीटर का गैप आ गया। वहीं 3 फीट गहरा गड्ढा हुआ है। ब्लास्ट पिलर संख्या 40/1 के पास हुआ है। ट्रैक का टुकड़ा पिलर संख्या 39/15 पर मिला है। मामला बरहेट थाना क्षेत्र के रांगा गांव के घुट्टू टोला के पास का है।

### ■ रात 12 बजे के करीब की घटना

मौके पर रेलवे और पुलिस के बड़े अधिकारी पहुंचे हुए हैं। घटना लगभग रात के 12 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद कोयला लोड गाड़ी पोल संख्या 42 / 2 के पास खड़ी है। एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि 'घटना की जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

### ■ 10 बजे रात तक ठीक थी लाइन

वहीं घटना के संबंध में रेलवे नाइट गार्ड जीतेंद्र कुमार शाह ने बताया कि 'मेरी ड्यूटी इसी लाइन में शाम चार बजे से रात 12 बजे तक रहती है। मैं ड्यूटी में ही था। कई बार की जांच के दौरान में रात 10 बजे तक लाइन में किसी तरह की कोई हलचल नहीं थी। रात 12 बजे के करीब धमाके जैसी आवाज आई। हालांकि इस लाइन में पहले कभी इस तरह की घटना नहीं हुई तो लगा कि टायर फटा होगा। मेरी ही लाइन में घटना घटी इसका पता नहीं चल सका। ड्यूटी खत्म कर मैं घर चला गया। सुबह फोन पर जानकारी मिली की ऐसी घटना हुई है।'

### मद्रास हाईकोर्ट का सद्गुरु से सवाल- अपनी बेटी की शादी कर दी;

# दूसरों की बेटियों को संन्यासी बनने के लिए क्यों कह रहे?



**चेन्नई.** मद्रास हाईकोर्ट ने ईशा फाउंडेशन के फाउंडर और आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव से पूछा कि जब आपने अपनी बेटी की शादी कर दी है, तो दूसरों की बेटियों को सिर मुंडवाने और सांसारिक जीवन त्यागकर संन्यासियों की तरह रहने के लिए क्यों प्रोत्साहित कर रहे हैं।

दरअसल, कोयंबटूर में तमिलनाडु एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड प्रोफेसर एस कामराज ने ईशा फाउंडेशन के खिलाफ याचिका लगाई है। उनका आरोप है कि उनकी दो बेटियों- गीता कामराज उर्फ मां माथी (42 साल) और लता कामराज उर्फ मां मायू (39 साल) को ईशा योग सेंटर में कैद में रखा गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ईशा फाउंडेशन ने उनकी बेटियों का ब्रेनवॉश किया, जिसके कारण वे संन्यासी बन गईं। उनकी बेटियों को कुछ खाना और दवा दी जा रही है, जिससे उनकी सोचने-समझने की शक्ति खत्म हो गई है।

जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम और जस्टिस वी शिवगणनम की बेंच ने पुलिस को मामले की जांच करने और ईशा फाउंडेशन से जुड़े सभी मामलों की एक लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया है।

एस कामराज ने हाईकोर्ट में अपनी याचिका में बताया कि उनकी बड़ी बेटी गीता यूके की एक यूनिवर्सिटी से एम.टेक है। उसे 2004 में उसी यूनिवर्सिटी में लगभग ₹1 लाख के वेतन पर नौकरी मिली थी। उसने 2008 में अपने तलाक के बाद ईशा फाउंडेशन में योग क्लासेज में भाग लेना शुरू किया।

### बेटियां बोलीं- अपनी मर्जी से फाउंडेशन में रह रहे

सोमवार, 30 सितंबर को दोनों युवतियां कोर्ट में पेश हुईं। दोनों ने कहा कि वे अपनी मर्जी से ईशा फाउंडेशन में रह रही हैं। उन्हें कैद में नहीं रखा गया है। ईशा फाउंडेशन ने भी दावा किया कि महिलाएं स्वेच्छा से उनके साथ रही हैं। फाउंडेशन ने कहा कि वयस्क लोगों को अपना रास्ता चुनने की आजादी है। हम शादी या संन्यासी बनने पर जोर नहीं देते हैं, क्योंकि ये लोगों का निजी मामला है। ईशा योग सेंटर में ऐसे हजारों लोग आते हैं, जो संन्यासी नहीं हैं। साथ ही कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने ब्रह्मचर्य या संन्यासी बनना स्वीकार कर लिया है।

# मक्का ले जाने के नाम पर ठग लिए 1.2 करोड़

### ■ ओडिशा EOW ने ट्रैवल एजेंट को किया गिरफ्तार



**भुवनेश्वर.** ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक ऐसे टैवल एजेंट को गिरफ्तार किया है, जो मुस्लिम श्रद्धालुओं को मक्का में उमराह कराने का झांसा देकर ठगी करता था। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सोमवार को कहा कि उसे सऊदी अरब में मक्का की तीर्थयात्रा कराने का लालच देकर राज्य के 189 मुस्लिम श्रद्धालुओं को ठगने के आरोप में एक व्यक्ति को मुंबई से गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में 27 सितंबर को मुंबई से नबील अब्दुल मुबीन शेख को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को उसे बालासोर की एक अदालत में पेश किया गया। उस पर ओडिशा के जमाकर्ताओं के हितों के संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन, जालसाजी और धोखधड़ी के आरोप हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ₹शेख अपने पिता फिरदौस बी अब्दुल मुबीन शेख और बहन साइमा अंजुम शेख के साथ मिलकर 'अल-आदम टूर एंड ट्रैवल्स' नाम से एक ट्रैवल एजेंसी चलाता है।

पुलिस के मुताबिक, मुबीन शेख पर मुंबई के विक्रोली कुर्ला इलाके में अलइज़मा टूर एंड ट्रैवल्स चलाने वाले मोहम्मद बिस्मिल्लाह शेख के साथ मिलकर ओडिशा में 189 मुस्लिम श्रद्धालुओं से उमराह पर ले जाने का वादा करके पैसे लेने का आरोप है। दोनों ट्रैवल एजेंसियों ने 2019-23 की अवधि के दौरान प्रत्येक तीर्थयात्री से लगभग 96000 रुपये यानी कुल 1.2 करोड़ रुपये लिए लेकिन दोनों ट्रैवल एजेंसियों ने न तो उन्हें पैसे लौटाए और ना ही उन्हें तीर्थयात्रा पर ले गए।


### सार्वजनिक नोटिस

इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सभी जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित वर्णित ग्राम स्वामित्व आय अंबिका अपार्टमेंट, ए विंग, रुम नं. 04, प्रथम तल, साईनगर, जयबाई स्कूल रोड, काटेमानिवली, कल्याण (पूर्व), जिला ठाणे, कल्याण पूर्व में पत्री पूल के पास सर्वोदय विद्यालय नामक एक स्कूल, हमारी पार्टी श्रीमती श्यामकुमारी श्रीकृष्ण दुबे, पता सीजन सहारा बिल्डिंग रूम 1307 फिफ्टी फिफ्टी होटल के पास कल्याण ईस्ट ठाणे 421306 मेरे अशिल ने कुछ अवैध नोटरी और पंजीकरण दस्तावेज तैयार करके उक्त संपत्ति पर कानूनी अधिकार और स्वामित्व प्राप्त कर लिया है और उप रजिस्ट्रार पनवेल के साथ विलेख का उल्लंघन करते हुए पंजीकृत किया है। तीसरे पक्ष द्वारा कानून के प्रावधान, और तदनुसार मेरा अशिल FIR No. 342/2022 दिनांक 09/07/2022 को कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज किया है. तदनुसार, भारतीय पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत मेरे अशिल के अवैध पंजीकरण के आधार पर और जे.एच. क्यों 1882 ने गैरकानूनी काम किया है. उसके संबंध में, मैं पंजीकरण अधिनियम की धारा 82 और भारतीय न्यायिक संहिता की 223 के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज करने जा रहा हूं।

उक्त आईएसएम झूठे दस्तावेजों के आधार पर हमारे अशिल और अन्य लोगों को गुमराह करने और लूटने की तैयारी कर रहे हैं। हमारे अशिल संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ जल्द से जल्द कानूनी आपराधिक और नागरिक कार्यवाही कर रहे हैं।

उक्त आय के संबंध में या उसके किसी भी भाग पर, किसी भी प्रकार की खरीद, बिक्री या किसी अन्य प्रकार के लेनदेन या किसी भी प्रकार के अधिकार पर हक्क, हितसंबंध स्थापित नहीं किया जाएगा. अन्यथा वे क्षतिपूर्ति और कार्रवाई के लिए जिम्मेदार होंगे।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए और ध्यान में रखा जाना चाहिए कि जो लोग जिम्मेदार होंगे उन्हें जल्द से जल्द सूचित किया जाएगा।

**अश्विनी भगवान मोरे**
Ad. High Court
पता- 702/सी-विंग, सिद्धिविनायक मेफेयर विश्वराज,
गणपति मंदिर रोड, टिटवाला (पूर्व),
ता. कल्याण, जिला. ठाणे,
मो. क्रमांकः 8898193586


# विराट ने शाकिब को बैट गिफ्ट किया




टीम इंडिया ने बांग्लादेश को दूसरा टेस्ट 7 विकेट से हरा दिया हैं। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने मंगलवार को 95 रन का टारगेट 3 विकेट खोकर चेज कर लिया। इसी के साथ टीम ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली हैं।

मंगलवार को मुकाबले के 5वें दिन ऋषभ पंत ने चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। इस दौरान हेड कोच गौतम गंभीर ने खुशी के साथ विराट कोहली को अपने गले लगाया। वहीं ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान विराट कोहली ने शाकिब अल हसन को अपना बैट गिफ्ट किया। कानपुर टेस्ट में ऐसे ही कई मोमेंट्स देखने को मिले।

### ■ कानपुर टेस्ट के टॉप मोमेंट्स...
### ■ पंत ने लगाई विनिंग बाउंड्री

तैजुल इस्लाम की बॉल पर ऋषभ पंत ने मिड-ऑन के ऊपर से शॉट खेला। यह चौका गया। इसी के साथ टीम इंडिया दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली।

### ■ कोहली-गंभीर गले मिलकर मनाया जीत का जश्न

कानपुर टेस्ट मैच में जैसे ही पंत ने चौका लगाया वैसे ही हेड कोच गौतम गंभीर ने अपने पास बैठे अश्विन को गले से लगा लिया। वहीं, जब विराट कोहली ड्रेसिंग रूम की ओर पहुंचे तो गंभीर ने उन्हें भी गले लगाकर कानपुर टेस्ट मैच में मिली जीत का जश्न मनाया।

### ■ विराट ने शाकिब को बैट गिफ्ट किया

मैच खत्म होने के बाद भारत के विराट कोहली ने बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अपना बैट गिफ्ट किया। दोनों फिर कुछ देर बातें करते हुए भी नजर आए। यह शाकिब का भारत में आखिरी इंटरनेशनल मैच था। वह तीनों फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर चुके हैं और इसी महीने साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट के रूप में आखिरी मुकाबला खेलेंगे।

### ■ कोहली के बैट से आकाश दीप ने लगाए लगातार 2 सिक्स

भारत का 7वां विकेट गिरने के बाद आकाश दीप बैटिंग करने आए। वह पिछले मैच में बगैर स्पॉन्सर वाला बैट लेकर खेले थे, लेकिन कानपुर में वह कोहली के MRF स्पॉन्सर वाला बैट लेकर बैटिंग करने उतरे। वह शाकिब के खिलाफ पहली गेंद पर सिक्स नहीं लगा सके, लेकिन अगली 2 गेंदों पर उन्होंने 2 छक्के लगा दिए। उन्होंने 5 बॉल पर 12 रन बनाए।

### ■ रोहित ने एक हाथ से फ्लाइंग कैच पकड़ा

बांग्लादेशी की पहली पारी के 50वें ओवर में उनका पांचवां विकेट गिरा। रोहित शर्मा ने मिड-ऑफ पर हवा में जंप कर एक हाथ से शानदार कैच पकड़ा। सिराज ने ओवर की चौथी बॉल गुड लेंथ पर फेंकी, लिट्टन दास आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन मिड-ऑफ पर रोहित ने हवा में जंप कर बेहतरीन कैच पकड़ लिया।


### उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

**पाणी पुरवठा विभाग**

**जाहिर सर्व साधारण निविदा सुचना क्र. 21, सन 2024-25**

उल्हासनगर महानगरपालिका शहरामधील खालील नमूद कामे योग्य वर्गातील नोंदणीकृत ठेकेदाराकडून जाहीर सर्व साधारण निविदा बो- 1 नमून्यात निविदा प्रणाली पध्दतीनुसार महानगरपालिकेच्या अटी व शर्तीस अधिन राहुन दिनांक 03/10/2024 रोजी मागविण्याकरीता प्रसिध्द

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम (GST वगळून) | अनामत रक्कम | कोऱ्या निविदा प्रतिची किमत (१८% GST सह) | कामाचा कालावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या अंतर्गत बिर्ला गार्डन पंपिंग स्टेशन येथील उच्चदाब उप केंद्रात मिटरीग करीता किऑस पुरवठा करणे, बसविणे व चाचणी देणेच्या कामाबाधत. | 466355/- | 4664/- | 590/- | 30 दिवस |

सदर निविदा प्रणालीबाबत इतर आवश्यक माहिती https://mahatenders.gov.in/ या संकेत स्थळावर प्रसिध्द करण्यात आली आहे.

जा.क्र. उमपा/पिआरओ/372/2024.
दिनांक : 1/10/2024

सही/-
(किशोर गवस)
अतिरिक्त आयुक्त (२)
उल्हासनगर महानगरपालिका

## संक्षेप...

### ठाणे की चिप्स कंपनी में लगी भीषण आग



**ठाणे.** ठाणे से एक चिप्स कंपनी में भीषण आग लगने की खबर सामने आई है। ठाणे के वागले एस्टेट परिसर में स्थित रामनगर इलाके के वेंकट रमन स्पेशलिटी लिमिटेड, चिप्स बनाने वाली कंपनी में भीषण आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार आग इतनी भीषण लगी है कि इसकी वजह से लगातार गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो रहे हैं। आग पर काबू पाने के लिए घटनास्थल पर दमकल विभाग की गाड़ियां भी पहुंच चुकी हैं। दमकल विभाग द्वारा आग को बुझाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है।

# राज्य में महायुति की सरकार बनेगी ये तय- अमित शाह

**मुंबई.** महाराष्ट्र में जल्द ही विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की जा सकती है। सभी दल अभी से ही चुनावी तैयारियों में लग चुके हैं। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी महाराष्ट्र पहुंचे और मुंबई में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में भाग लिया। इस बैठक में राज्य के डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस, राज्य भाजपा प्रमुख चन्द्रशेखर बावनकुले, मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार और अन्य नेता भी उपस्थित थे। बैठक में अमित शाह ने दावा किया कि महाराष्ट्र में 'महायुति' की सरकार बनना तय है।



महाराष्ट्र बीजेपी की बैठक में अमित शाह ने कहा है कि 2024 में महायुति की सरकार बनेगी ये तय है। महायुति को रोकने की ताकत किसी पार्टी में नहीं है। अमित शाह ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के बाद कॉमन सिविल कोड लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की समस्याओं को हल करने के लिए देवेंद्र फडणवीस सक्षम हैं।

मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा

अमित शाह ने मुंबई पदाधिकरियों की बैठक में स्पष्ट किया कि महायुति सरकार में मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा। अमित शाह ने कार्यकर्ताओ को पूरे जोश से चुनाव में काम करने की सलाह दी। 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने से भाजपा की कम से कम 20 से 30 सीट का इजाफा हो सकता है। पार्टी में अन्य दलों से लोग आने पर भी पार्टी के कार्यकर्ताओं को उचित स्थान और सम्मान मिलेगा।

### कब होंगे चुनाव?

महाराष्ट्र में 26 नवंबर से पहले विधानसभा चुनाव करा लिए जाएंगे। इसका ऐलान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने किया है। विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोग की टीम महाराष्ट्र के दौरे पर है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव 26 नवंबर तक करा लिए जाएंगे। आयोग ने विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अधिकारियों के साथ कई बैठकें की और तैयारियों का जायजा लिया।

## गांधी जयंती पर सपा ने किया आरोग्य शिविर आयोजित



**कल्याण.** समाजवादी पार्टी कल्याण जिला की तरफ से डोंबिवली में भव्य आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। सपा के जिला कार्यालय में आयोजित इस शिविर में रक्तदाब, इसीजी और अन्य जांच सहित नेत्र जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। इस शिविर का सैकडों लोगों ने लाभ उठाया ।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रफीक हामिद सैय्यद ने शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती पर सपा की तरफ से यह आरोग्य शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर का दोपहर तक सैकडों लोगों ने लाभ उठाया है। श्री गजानन अस्पताल और आई क्यू की तरफ से डॉक्टर मिश्रा , डॉक्टर राहुल कुमार यादव , डॉक्टर कंचन गौड आदि की टीम ने विशेष सहयोग दिया है। इस शिविर में रमेश यादव (सर ) आर्य विक्रम सिंह, शिवसागर यादव , नरेन्द्र सिंह, डॉक्टर आर डी गौतम , अब्दुल वाहिद शेख , राजकुमार सिंह, गुल्लु अंसारी, मुकेश चौरसिया , सत्यपाल सिंह, मुकेश यादव , रामसजन जायसवाल, पंधारी यादव , प्रमोद रजक और किसन केसरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। शिविर की शुरूआत में सपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया।

**स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान का समापन**

## भिवंडी मनपा ने किया मैराथन दौड का आयोजन

उल्हास विकास संवाददाता





**भिवंडी.** केंद्र व राज्य शासन के निर्देशानुसार भिवंडी मनपा क्षेत्र में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक शुरू स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान का समापन विशेष स्वच्छता मैराथन दौड का आयोजन कर किया गया.छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से मनपा आयुक्त अजय वैद्य द्वारा झंडा दिखाकर शुरू हुई मैराथन दौड़ में मनपा शिक्षण विभाग के 11 माध्यमिक शालाओ के 600 विद्यार्थी शामिल हुए.

गौरतलब हो कि, छत्रपती शिवाजी महाराज चौक से वंजारपट्टी चौक से एस टी बस स्थानक मार्ग से मनपा मुख्यालय मार्ग पर स्वच्छता मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया.स्वच्छता दौड कार्यक्रम में मनपा आयुक्त अजय वैद्य के साथ ही मनपा उपायुक्त (आरोग्य) किरण तायडे,उपायुक्त (समाज कल्याण विभाग) प्रणाली घोंगे,शहर अभियंता सचिन नाईक, उपायुक्त (शिक्षण विभाग) बालाराम जाधव, सहायक आयुक्त (प्रशासन) अजय महाडिक, सहायक आयुक्त (आरोग्य) फैसल तातली, सहायक आयुक्त (शिक्षण) प्रकाश राठोड,आरोग्य अधिकारी जयवंत सोनवणे,जनसंपर्क अधिकारी मिलिंद पलसुले व अन्य अधिकारी, कर्मचारी सहभागी होकर दौड़ लगाई.मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने जीवन में स्वच्छता के महत्त्व पर रोशनी डालते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई. स्वच्छता मैराथन दौड कार्यक्रम में सहभागी हुए विद्यार्थियों में आठवी,नववी व दसवीं वर्ग के प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्रमांक प्राप्त विद्यार्थी गट व छात्राओं का गट मिलाकर 18 पुरस्कार का वितरण मनपा मुख्यालय में किया गया. पुरस्कार वितरण के बाद मनपा शाला के छात्र छात्राओं की टीम द्वारा स्वच्छता विषय पर नाटक कर स्वच्छता की जागरूकता की गई.

### बार में महिला का यौन उत्पीड़न

**ठाणे.** ठाणे में एक बार में एक महिला के साथ यौन उत्पीड़न का सनसनीखेज मामला सामने आया है. 35 वर्षीय महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है. ये घटना 21 सितंबर को माजीवाड़ा इलाके में स्थित एक रेस्टोरेंट और बार में हुई थी. लेकिन पीड़िता ने सोमवार को इस मामले में अपनी शिकायत दर्ज कराई है.

जानकारी के मुताबिक, ठाणे के माजीवाड़ा में स्थित बार में डीजे पर कुछ लोग नाच रहे थे. इसमें पीड़िता भी शामिल थी. उसी समय पांच लोगों ने उसे चारों तरफ से घेर गलत तरीके से छुआ और उसका यौन उत्पीड़न किया. आरोपियों में एक डॉक्टर भी शामिल था.

## स्वच्छता के माध्यम से महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई



**ठाणे.** महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के पावन अवसर पर संस्कार एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट, संस्कार क्लासेस व किड्स स्टार प्री प्राइमरी स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी के माध्यम से महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्कूल तथा क्लासेस के परिसर में स्वच्छता अभियान किया गया। साथ ही छोटे-छोटे बच्चों द्वारा स्वच्छता अभियान की एक्टिविटी की गई स्वच्छता को लेकर उसके महत्व बताए गए संस्था के संस्थापक एडवोकेट विनय कुमार सिंह ने सभी को आज के दिन का महत्व बताया। स्वच्छता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर संस्कार क्लासेस के संचालिका लक्ष्मी मौर्य, एडवोकेट शिक्षा संस्कार, हर्ष सिंह, सोनी उपाध्याय, पूजा केलासकर, ममता खरवार ,12वीं कक्षा के छात्र व संस्कार क्लासेस तथा किड्स स्टार प्री प्राइमरी स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी शामिल हुए।

## एस.एस.टी. महाविद्यालय को 'स्वच्छ महाविद्यालय' का खिताब



### उल्हासनगर शहर में प्रथम स्थान

**उल्हासनगर.** केंद्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 के तहत आयोजित प्रतियोगिता में एस.एस.टी. महाविद्यालय ने उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र के महाविद्यालयों में 'स्वच्छ महाविद्यालय' का प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गांधी जयंती के अवसर पर सिंधू भवन में आयोजित भव्य समारोह में विधायक कुमार आयलानी और आयुक्त विकास ढाकणे के हाथों महाविद्यालय के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. संतोष करमानी और डॉ. दीपक गवादे के साथ प्रा. देविदास जळकोटे, DLLE जिला समन्वयक प्रा. दिलीप आहुजा और स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय की ओर से इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को स्वीकार किया।

महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी ने महाविद्यालय की इस बड़ी सफलता के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों के स्वच्छता अभियान में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय ने अपने क्लासरूम,कॅम्पस और ग्राउंड को हमेशा साफ सुथरा रखने के साथ साथ पथनाट्य और फ्लेश मॉब के माध्यम से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई है और भविष्य में भी महाविद्यालय स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## मुफ्त चिकित्सा शिविर में 600 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** नौपाडा कोपरी प्रभाग समिति के अंतर्गत लायंस क्लब व राजस्थान प्रगती मंडल की ओर से महाराज अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य में मुफ्त चिकित्सा शिविर का श्री महादेव शिव मंदिर नियर सिद्धि स्कूल,कोपरी कालोनी में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें ब्लड शुगर,स्वास्थ्य जांच, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, कान, दाँत, आँख, चश्मे का फ्रेम मुफ्त में और लेंस आधे कीमत पर उपलब्ध था ।समाज सेवक व राजस्थान प्रगती मंडल के अध्यक्ष राकेश मोदी ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में 200 महिला व 400 पुरुषों ने जांच का लाभ लिया।

इस अवसर पर वीरेंद्र रूंगटा,महेश गाड़िया,ओमप्रकाश कारिवाल, शिवजी भाउवाला, सुधीर मस्कारा,सुरेश जोगानी, रामचंद्र तोदी, संदीप तोदी, जितेंद्र अग्रवाल, विश्वनाथ बगड़िया,पवन पोद्दार आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता को लेकर छात्रों ने किया जनजागृति

### स्वच्छता ही सेवा अभियान में योगदान देने वाले लोगों का किया गया सम्मानित

उल्हास विकास संवाददाता



**ठाणे.** स्वच्छता अभियान का संदेश विद्यार्थियों के माध्यम से जल्द पहुचता है और उनके जनजागृति का परिणाम भी अच्छा मिलता है ।स्वच्छता सेवा अभियान में इनका योगदान महत्वपूर्ण है ।यह बात मनपा अतिरिक्त आयुक्त 1 प्रशांत रोड़े ने स्वच्छ भारत दिवस निमित्त आयोजित कार्यक्रम में कहा ।साथ ही यह भी कहा कि विद्यार्थियों के माध्यम से प्लास्टिक व थर्माकोलमुक्ती के लिए भी संदेश घर घर पहुचता है ।मनपा आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता जैसे संकल्प पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया ।बुधवार को स्वच्छ भारत दिवस पर मनपा मुख्यालय के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में सफाई कर्मचारी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्था, शिक्षक, कलाकार के सहयोग से कार्यक्रम किया गया ।इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर, उपायुक्त (घनकचरा) मनीष जोशी, उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपुरे,स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राणी शिंदे उपस्थित थी।

## थलापति विजय की फिल्म में बॉबी देओल

फिल्म एनिमल में नेगेटिव रोल से वाहवाही लूटने वाले बॉबी देओल को शानदार एक्टिंग के लिए आज तक लोगों की तारीफ मिलती है। इस मूवी की सक्सेस और उनकी कमाल की एक्टिंग के बाद बॉबी देओल के पास कई फिल्मों के ऑफर हैं, जिसमें से एक फिल्म थलापति विजय के साथ है।



थलापति विजय साउथ सिनेमा के बड़े सुपरस्टार माने जाते हैं। हाल ही में उनकी फिल्म गोट रिलीज हुई, जिसने टिकट विंडो पर अच्छा कलेक्शन किया है। इस फिल्म की अपार सफलता है कि बाद खबर है कि अब थलापति विजय 'थलापति 69' में नजर आएंगे। उन्हें लेकर मेकर्स की तरफ से ऑफिशियल घोषणा कर दी गई है। वहीं, इस बात की जानकारी भी सामने आई है कि वह इस मूवी में कौन सा रोल प्ले करेंगे।

'थलापति 69' थलापति विजय की आखिरी फिल्म हो सकती है। उन्होंने हाल ही में अपनी राजनीतिक पार्टी की घोषणा की थी, जिसका नाम 'तमिझागा वेत्री कझगम' है। इसके बाद से कयास लगाए गए हैं कि राजनीति में आने के बाद वह फिल्मों में न के बराबर की दिखेंगे या पूरी तरह से फिल्मों से सन्यास ले सकते हैं।

### इस रोल में होंगे बॉबी?

'थलापति 69' में एंट्री लेने के साथ ही इस बात की चर्चा तेज है कि एक बार फिर बॉबी देओल नेगेटिव किरदार में नजर आ सकते हैं। बता दें कि बॉबी एक और साउथ की फिल्म 'कंगुवा' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 14 नवंबर को रिलीज होगी। इस मूवी में एक बार फिर बॉबी ग्रे शेड किरदार में नजर आएंगे।










संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099